# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 12.04.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती है ।

**(2).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा श्री आशुतोष त्रिपाठी द्वारा भोली-भाली जनता में भय आतंक फैलाकर गुण्डा-गर्दी करने वाले अभियुक्त 1.रवि कुमार उर्फ भोमा पुत्र बिन्दा प्रसाद निवासी औदहा 2. राजेन्द्र प्रसाद पुत्र असावरदीन निवासी हस्ता थाना सरधुवा जनपद चित्रकूट के विरुद्ध धारा 110जी सीआरपीसी की कार्यवाही की गयी ।

**(3).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक राजापुर श्री मनोज कुमार के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री कन्हैयाबक्श सिंह तथा उनकी टीम द्वारा गनीवा मोड वाहद गनीवा से यमाहा एफजेड मोटरसाइकिल रजि0 नं0 यूपी071 एएच 6383 सवार अभियुक्त शिवलाल पुत्र मातादीन निवासी कंधवनिया थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना राजापुर में धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया तथा बरामदशुदा मोटरसाइकिल को धारा 207 एमवीएक्ट के तहत सीज किया गया ।

**बरामदगी:-**

01 अदद तमंचा 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर

01 अदद मोटरसाइकिल यमाहा एफजेड मोटरसाइकिल रजि0 नं0 यूपी071 एएच 6383

**गिरफ्तारी करने वाली टीमः-**

1.उ0नि0 श्री कन्हैया बक्श सिंह थाना राजापुर

2.आरक्षी प्रकाश मिश्रा

3.आरक्षी उज्जवल पाण्डेय

**(4).** आज दिनाँक 12.04.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा पुलिस लाइन्स चित्रकूट में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। परेड निरीक्षण के दौरान महोदय द्वारा कर्मचारीगण का टर्न आउट चैक किया गया तथा परेड ग्राउण्ड में उपस्थित सभी टोलियों की ड्रिल देखी गयी एवं आवश्यक सुधार हेतु प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन को निर्देशित किया गया। बाद परेड प्रशिक्षणाधीन उपनिरीक्षकों के प्रशिक्षण डायरी देखी गयी तथा पुलिस के कार्यो के सम्बन्ध में विस्तृत रुप से बताया गया।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर/लाइन्स श्री राज कमल, प्रतिसार निरीक्षक श्री शिवनारायण, पीआरओ श्री प्रवीण सिंह एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

(5). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री राजोल नागर तथा उनके हमराही द्वारा मु0नं0 929/2008 धारा 60(2) के वारण्टी अभियुक्त कमलेश पुत्र सुकरु निवासी खिचरी थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तारी करने वाली टीमः-**

1.उ0नि0 श्री राजोल नागर थाना मानिकपुर

2.आरक्षी दीपेश कुमार यादव

(6). आज दिनाँक 12.04.2024 को जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी श्री अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में क्रिटिकल बूथ एवं वल्नरेबिल बूथों की व्यवस्थाओं से संबंधित बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों तथा पुलिस क्षेत्राधिकारियों से कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट और सेक्टर पुलिस अधिकारियों से सभी मतदान केंद्रों का दोबारा निरीक्षण अवश्य करवाले। सभी मतदान केंद्रों पर प्रकाश व्यवस्था, शौचालय, रैंप, पेयजल, फर्नीचर, बाउंड्री वॉल आदि सभी व्यवस्थाएं होना चाहिए, उस क्षेत्र के हल्का लेखपालों को भी इस कार्य में लगाया जाए, उन्होंने कहा कि बूथ लेवल ऑफीसरों को भी निर्देश दें कि जो 85 प्लस के ऊपर गांव में मतदाता है उसमें जो मतदान केंद्र पर मतदान करने आना चाहते हैं उनको बूथ पर ही मतदान करवाया जाए जो मतदान केंद्रों पर आने-जाने में असमर्थ है उनके प्रपत्र भरवाकर तत्काल उपलब्ध कराया जाए ताकि उनका मतदान कराए जाने की व्यवस्था की जा सके। उन्होंने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व तथा अपर पुलिस अधीक्षक से कहा कि जो क्रिटिकल व बल्नरेविल बूथ है उसकी सूची यह बनाई जाए कि किस विधानसभा क्षेत्र, थाना व तहसील में है विवरण सहित उपलब्ध कराए। उन्होंने उप जिलाधिकारियों व पुलिस क्षेत्राधिकारियों से कहा कि अपने-अपने क्षेत्र का भ्रमण लगातार करते रहे जिन मतदान केंद्रों पर कोई कमियां हैं उनको तत्काल दूर कराया जाए तथा गांव पर अराजकतत्वों पर नजर रखें और उन पर कार्यवाही भी कराई जाए।

पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों से कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, निर्भीक व शांतिपूर्ण संपन्न कराना हम आप सबका दायित्व है, अपने-अपने क्षेत्र के अंतर्गत गांवों का भ्रमण करके जो निर्वाचन को प्रभावित कर सकता है उनको चिन्हित कर कार्यवाही सुनिश्चित करें ताकि निर्वाचन को शांतिपूर्ण संपन्न कराया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि आगामी अंबेडकर जयंती एवं रामनवमी को लेकर भी जो सभा/जुलूस आदि कार्यक्रम आयोजित होंगे उसके संबंध में भी सभी मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री उमेश चन्द्र निगम, अपर पुलिस अधीक्षक श्री चक्रपाणि त्रिपाठी, प्रभागीय वनाधिकारी श्री नरेंद्र कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी कर्वी श्री सौरभ यादव, मानिकपुर श्री पंकज वर्मा, मऊ श्री राकेश कुमार पाठक,

राजापुर श्री प्रमोद कुमार झा, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर श्री राज कमल, क्षेत्राधिकारी श्रीमती राजापुर निष्ठा उपाध्याय, क्षेत्राधिकारी मऊ श्री जयकरन सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी श्री विवेक कुमार शुक्ला सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

(7). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी शिवरामपुर सत्यमपति त्रिपाठी तथा उनकी टीम द्वारा ग्राम कपसेठी में छापेमारी की गयी, इस दौरान अभियुक्ता गुड़िया पत्नी पिन्टू निषाद निवासी कपसेठी थाना कोतवाली जनपद चित्रकूट को 163 लीटर कच्ची शराब, 02 क्विंटल लहन व शराब बनाने के उपकरणों के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामदशुदा लहन को मौके पर ही नष्ट किया गया। अभियुक्ता के विरुद्ध थाना कोतवाली कर्वी में धारा 60(2) आबकारी अधिनियन के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

**बरामदगीः-**

163 लीटर कच्ची शराब

02 क्विंटल लहन

शराब बनाने के उपकरण

**गिरफ्तारी करने वाली टीमः-**

1.चौकी प्रभारी शिवरामपुर श्री सत्यम त्रिपाठी

2.उ0नि0 श्री अनिल कुमार मिश्रा थाना कोतवाली कर्वी

3.आरक्षी नीतू द्विवेदी

4.आरक्षी राहुल देव

5.आरक्षी श्यामू

6.महिला आरक्षी शिमला देवी

7.महिला आरक्षी नीलम

(8). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मऊ श्री अजीत कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री विनय विक्रम सिंह तथा उनकी टीम द्वारा अभियुक्त राकेश कुमार पुत्र छेदीलाल निवासी लौरी लोखरी थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट को 30 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना मऊ में धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया ।

**बरामदगी**

30 क्वार्टर देशी शराब

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**

01.उ0नि0 श्री विनय विक्रम सिंह

02.आरक्षी भरत लाल

**(9).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव को शान्तिपूर्ण,भयमुक्त एवं स्वतंत्र सम्पन्न कराए जाने हेतु प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वील निरीक्षक श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग खोही उ0नि0 श्री रमेश सिंह के नेतृत्व में चौकी परिक्रमा मार्ग पुलिस एवं सीपीएमएफ के जवानों द्वारा चौकी क्षेत्रान्तर्गत खोही,मैनही,सेमरिया जगन्नाथवासी एवं छपरा माफी स्थानों पर एरिया डोमिनेशन कर मतदान केंद्रों का भ्रमण किया गया। इस दौरान आम जनता को भरोसा दिलाया कि निर्भीक एवं स्वतंत्र होकर मतदान करें।

(10). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव को शान्तिपूर्ण,भयमुक्त एवं स्वतंत्र सम्पन्न कराए जाने हेतु थानाध्यक्ष रैपुरा श्री शैलेन्द्रचन्द्र पाण्डेय के नेतृत्व में थाना रैपुरा पुलिस एवं मणिपुर एस.ए.पी फोर्स के जवानों द्वारा थाना रैपुरा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम देउंधा, खोर, लौरी, लोखरी आदि स्थानों पर भ्रमण करते हुए हनुमानगंज के बल्नरेबुल बूथ

में एरिया डोमिनेशन कर मतदान केंद्रों का भ्रमण किया गया। इस दौरान आम जनता को भरोसा दिलाया कि निर्भीक एवं स्वतंत्र होकर मतदान करें।